# जेएस कालेज में प्लेसमेंट कार्यक्रम आयोजित




**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** जेएस हिन्दू पीजी कालेज में बीसीए विभाग की ओर से प्लेसमेंट और इंटर्नशिप ड्राइव का आयोजन किया गया। एक्सट्रामार्क प्राइवेट कम्पनी के एजीएम चिराग शर्मा ने छात्र छात्रओं के इन्टरव्यू लिये। इस कार्यक्रम में बीबीए, बीसीए व बीकाम के छात्र सम्मलित हुए। प्राचार्य वीर विरेन्द्र नेछात्राओं को बधाई देते उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। बीसीए के विभागाध्यक्ष अमित भटनागर ने कहा कि ऐसे आयोजन शिक्षा विभाग के बीच की खाई को पाटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। गौतम अरोड़ा ने संचालन किया। इस अवसर पर डा. हिमांशू शर्मा, डा सईदुल हसन, डा. विकास मोहन, डा. सलमान अख्तर, मंजुला शर्मा, डा. निधि अग्रवाल मौजूद रहीं।

# अमरोहा जे एस हिन्दू पी जी कॉलेज बीसीए विभाग में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन हुआ




**अमरोहा न्यूज फ्लेम संवाददाता डॉ प्रथम सिंह**

शिक्षा जगत में उल्लेखनीय पहचान जगदीश सरन हिन्दू कॉलेज में बीसीए विभाग ने 14 जुलाई 2025 को एक प्लेसमेंट और इंटर्नशिप ड्राइव का आयोजन किया। पूरे महाविद्यालय परिसर में उत्सुकता का माहौल था। इस कार्यक्रम के लिए Extramarks Private limited कंपनी कॉलेज परिसर में आई। Extramarks कंपनी के AGM श्री चिरायु शर्मा ने छात्र-छात्राओं के इंटरव्यू लिए।इस कार्यक्रम में बीबीए, बी.कॉम, बीसीए के प्रभावशाली छात्र सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के प्रारंभ में कॉलेज के प्राचार्य माननीय प्रोफेसर वीर वीरेंद्र सिंह ने छात्र समुदाय को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने छात्रों से ऐसे अवसरों का उत्साहपूर्वक लाभ उठाने का आग्रह किया।बीसीए विभाग के विभागाध्यक्ष अमित कुमार भटनागर ने कहा कि ऐसे आयोजन शिक्षा-उद्योग के बीच की खाई को पाटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है।कार्यक्रम का समापन बीसीए विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर गौतम अरोरा के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ , जिन्होंने इस ऐतिहासिक आयोजन के लिए ए७३ें१'२ के सहयोग की सराहना की।कार्यक्रम में बीबीए विभाग के विभागध्यक्ष डॉ मयंक अरोरा ने छात्रों से इस अवसर का लाभ उठाने का आग्रह किया। इस अवसर पर डॉ हिमांशु शर्मा, डॉ सईदुल हसन, डॉ विकास मोहन श्रीवास्तव, डॉ सलमान अख़्तर, मंजुला शर्मा, डॉ निधि अग्रवाल ने सक्रिय भूमिका का निर्वाह किया।